सत्रारंभ समारोह (बी0एड0 – 2022)

कार्यक्रम रिपोर्ट

संत पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बीरसिंहपुर, समस्तीपुर में बी0एड0 सत्र (2022–24) का सत्रारंभ समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ दिनांक – 29.09.2022 को आयोजित किया गया। महाविद्यालय मे विशेष रूप से साज–सज्जा पर ध्यान दिया था।कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। सर्वप्रथम नव नामांकित प्रशिक्षुओं को पुष्प देकर उनको सम्मान दिया गया।

दीप जलाकर सत्रारंभ समारोह प्रारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी एवं विभागाअध्यक्ष डॉ0 अनिल प्रसाद सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने किया।

सहायक प्राध्यपक एस.एम.तहसीन आलम कादरी ने सभी नव प्रशिक्षुओं एवं पी0पी0एन0 सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया । नव प्रशिक्षुओं जीवन में सफल होने के लिए गहन अध्ययन एवं अनुशासन को अपनाने के लिए कहा।

डी0एल0एड0 के विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को आत्म अनुशासन बनाये रखने को कहा। साथ ही जीवन में महापुरूषों के विचारों को आत्मसात करने को कहा।

महाविद्यालय की प्राचार्या ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षुओं को अपने महाविद्याल के अनुशासन के बारे में अवगत कराया। नियमित रूप से वर्ग में आने की सलाह दी।